कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग
पिथौरागढ़।

दूरभाष / फैक्स नं0 05964–225115 E-mail - pdpwdpth@rediffmail.com

पत्रांक 209 /22 याता0 दिनांक 29/01 /2020

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग
पिथौरागढ़

विषयः– सुगौली चमाली रोड से मछीनाखोली कनारी विषाण तक मोटर मार्ग, प्रपोजल सं0 (FP/UK/ROAD/42088/2019)

सन्दर्भः– कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊ वृत्त अल्मोड़ा का पत्रांक 2506 / 12– I(2), दिनांक 20.01.2019

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए यह अवगत किया जाता है कि आगणन के अनुसार मार्ग कटिंग में कुल 18900.00 घन मी0 मलवा उत्सर्जित होता है जिसमें पूर्व में ऑनलाईन किए गए प्रपत्र के अनुसार

1. मार्ग में खड्ड साईड में दीवारों के निर्माण में आवश्यक सामग्री ( पत्थर, रोड़ा) आदि – 4347.00 घन मी0
2. हिल साईड में ब्रेस्ट वाल व खड्ड साईड में रिटेनिंग वॉल – 4347.00 घन मी0
3. दीवारों के निर्माण में रोडा व मिट्टी भरान हेतु – 869.40 घन मी0
4. अतिरिक्त मलवे में भरान हेतु चयनित स्थानों पर डम्पिंग यार्ड बनाए जाने हेतु आवश्यक वायर क्रेट के निर्माण में(पत्थर,रोड़ा) – 747.00 घन मी0
5. मार्ग में बनने वाले पैराफिटों में उपयोग में लाए जाने वाले पत्थर / रोड़ा की मात्रा – 972.00 घन मी0
6. 3 किमी0 लम्बाई में सोलिंग कोट बनाने हेतु रोडे व मिट्टी की मात्रा – 3585.00 घन मी0
7. मार्ग में सुपर एलीवेशन व ग्रेड सही करने हेतु आवश्यक मिट्टी की मात्रा – 3000.00 घन मी0

इस प्रकार कुल उपयोग में लाए जाने वाले मलवा (पत्थर / रोड़ा / मिट्टी) की मात्रा– 17868.00 घन मी0

अतः अवशेष मलवे (18900–17868=1032.00घन मी0) को कार्यस्थल में प्रस्तावित डम्पिंग जोन में टिप्परों के माध्यम से ढोकर फेंका जाएगा। तथा प्रस्ताव में संलग्न जियो एवम् टोपो मैप आई0 टी0 शैल, कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी भूमि संरक्षक निदेशालय देहरादून द्वारा बनाए गए है।

उपरोक्त प्रस्ताव पूर्व में उत्तराखण्ड शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त कर सैद्धान्तिक स्वीकृति हेतु भारत सरकार भेजे गए थे जिसकी मूल प्रति पूर्व में नोडल अधिकारी देहरादून के निर्देशों के कम में जमा कर दी गई थी। वर्तमान में 01 हे0 से कम के प्रस्ताव में उत्तराखण्ड शासन द्वारा स्वीकृति के दिशा निर्देश प्राप्त है जिसके अन्तर्गत उक्त प्रस्ताव को कार्यालय नोडल अधिकारी, वन संरक्षक देहरादून के पत्र के कम में withdraw कर पुनः आनलाईन अपलोड किया गया है। अतः उक्त प्रस्ताव अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

29/01/2020

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
पिथौरागढ़

Scanned by CamScanner

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग
पिथौरागढ़।

E-mail - pdpwdpth@rediffmail.com
दूरभाष / फैक्स नं0 05964-225115

दिनांक 14 / 5 / 2018

पत्रांक 1046 / 22 पा0ता0

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
भूमि संरक्षण निदेशालय, देहरादून।

विषय :- जियो मैप के सम्बन्ध में।।

महोदय,

निम्न मोटर मार्गो के जियो मैप की आवश्यकता है, कृपया गुगल मैप बनाने की कृपा करें:-

1- मा0मु0 मंत्री घोषणा संख्या -1351 / 2015 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र-डीडीहाट के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सतगढ़ धर्मशाला तक 4 कि0मी0 मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।

2- माननीय मुख्य मंत्री घोषणा के अन्तर्गत बुँगाछीना-रसैपाटा मोटर मार्ग का का नव निर्माण कार्य।

3- जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र-पिथौरागढ के विकासखण्ड मूनाकोट के अन्तर्गत ऐचोली बडाबे मोटर मार्ग के किमी0 13 पत्थरखानी से सेलकटिया डुबलिया विजरकाण्डा धूईरा तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।

4- जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र डीडीहाट के विकास खण्ड मूनाकोट मे पलेटा से खतीगॉव, तड़ीगॉव, सिनखोली होते हुए भातड़ तक 5 किमी0 मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।

5- जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ के अन्तर्गत सुगौली चमाली रोड़ से मछीनाखोली कनारी विषाण तक मोटर मार्ग का नव निर्माण।

6- जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ के अन्तर्गत चण्डाक से धारी मोटर मार्ग का धारी तक विस्तार मोटर मार्ग का नव निर्माण।

7- जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र-पिथौरागढ के अन्तर्गत ऐचोली बडाबे मोटर मार्ग के संगाट्टा से देयोलेख (देवदार) तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।

8- राज्य योजना के अन्तर्गत सातशिंलिग थल मोटर मार्ग के किमी0 29 से चामूल भण्डारीगांव रजवार तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।

9- राज्य योजना के अन्तर्गत सुकौली गड़कोट मोटर मार्ग।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
पिथौरागढ। 14.5.2018

पत्रांक / दिनांक

प्रतिलिपिः- श्री गिरीश चन्द्र जोशी कनिष्ठ सहायक को इस आशय से प्रेषित कि आप अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी भूमि संरक्षण निदेशालय, देहरादून जाकर जियो मैप प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
पिथौरागढ। 14.5.2018

Scanned by CamScanner